VISM GROUP OF STUDIES
VISM CAMPUS: Turari, NH-75, Jhansi Road, Gwalior (M.P.)
website: www.vismgwalior.com | Email : vism_gwalior@rediffmail.com
Ph: 0751-2970027 | Fax : 0751-2970023

दिनांकः—23 / 06 / 2023

व्हीआईएसएम हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

व्हीआईएसएम हॉस्पिटल ने ग्राम रौरा, ग्वालियर में एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ व्हीआईएसएम ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। शिविर में 200 से अधिक ग्रामीणवासियो ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण करवाया, उन्हें विभिन्न बीमारियों से सम्बन्धित दवाईयाँ निःशुल्क वितरित की गई । शिविर में ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ईसीजी, पैप स्मीयर एवं अन्य जाँचे निःशुल्क की जा रही है। शिविर सुबह 09 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. राठौर ने बताया कि व्हीआईएसएम हॉस्पिटल ने ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आर्थिक रूप से कमजोर रोगियो की निःशुल्क चिकित्सा की है। यह एक पवित्र मानवीय कार्य है । इस शिविर में खास बात यह है कि इसमें किसी भी जाँच का पैसा नहीं लिया जाता और दवाईयाँ भी मुफ्त में बाँटी जा रही है । मैं आपको बताना चाहूगा कि व्हीआईएसएम हॉस्पिटल द्वारा अपने निःशुल्क शिविरो की श्रृखला

में ग्रामीण क्षेत्रों में ओर भी चिकित्सा शिविर आयोजित किये जाने है । निश्चित ही ऐसे शिविरों से ग्रामीणजन लाभान्वित होंगे। खासकर ऐसे रोगी जो शहर में जाकर महंगा ईलाज नहीं करवा सकते उन्हें उनके द्वार पर जाकर निःशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराना व्हीआईएसएम हॉस्पिटल की विशेषता रहेती है। शिविर में व्हीआईएसएम हॉस्पिटल के टीबी एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. ए.के. गुप्ता, गायकेनोलाजिस्ट डॉ. गरिमा यादव, जनरल फिजिशियन डॉ. आदित्य भार्गव सहित नर्सिंग स्टॉफ के सदस्य मौजूद रहें।